# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में जयपुर जिले के किस गांव में सहकार वन' विकसित किया जाएगा?

(A) दादिया गांव

(B) सुमेल गांव

(C) चाकसू गांव

(D) इनमें से कोई नही

सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस पर जयपुर के सुमेल गांव में 64 एकड़ भूमि पर 'सहकार वन' विकसित करने का ई-भूमि पूजन किया गया।

- इस वन में स्थानीय जलवायु के अनुकूल खेजड़ी, रोहिडा, नीम जैसे देशी पौधे लगाए जाएंगे
- सहकारिता मंत्रालय का 5वां स्थापना दिवस 6 जुलाई 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में मनाया गया।
- समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और किसानों को जैविक उत्पादन बढ़ाने के लिए कई प्रमुख डिजिटल और बुनियादी ढांचा पहलों का शुभारंभ किया

## Yesterday Revision

01: बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा को प्रभावी बनाने हेतु राजस्थान में कौन सा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम (मॉडल) लागू किया जा रहा है?

उत्तर: दिशा पाठ्यक्रम (दिशा मॉडल)

प्रश्न 02: हाल ही में किस अंतरराष्ट्रीय संगठन ने राजस्थान के साथ 'क्लीन एनर्जी और सस्टेनेबल डवलपमेंट' के फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए हैं?

उत्तर: इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA – अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन)

प्रश्न 03: भूटान में आयोजित साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के निलेश कुमार ने कौन सा पदक जीता है?

उत्तर: कांस्य पदक (Bronze Medal)

प्रश्न 04: जुलाई 2026 के पहले सप्ताह में 'नेशनल यूथ पार्लियामेंट' के तीसरे संस्करण का आयोजन राजस्थान के किस शहर में किया गया?

उत्तर: जयपुर

प्रश्न 05: दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के तहत राजस्थान के किस टाइगर रिजर्व के नीचे 4.9 किलोमीटर लंबी आधुनिक 8-लेन टनल (सुरंग) बनाई जा रही है?

उत्तर: मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (कोटा)

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई 2026 को उड़ान योजना के अगले चरण 'विकसित उड़ान' (Viksit UDAN) योजना का शुभारंभ राजस्थान के जोधपुर से किया।

(B) इस संशोधित योजना के लिए अगले 10 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2035-36) के लिए कुल ₹28,840 करोड़ का भारी बजट आवंटित किया गया है

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

□ □□ □ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई 2026 को 'उड़े देश का आम नागरिक' (UDAN) विजन के तहत इसके संशोधित और अगले चरण 'विकसित उड़ान' (Viksit UDAN) योजना का शुभारंभ राजस्थान के जोधपुर से किया।

□ □□ □इस संशोधित योजना के लिए अगले 10 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2035-36) के लिए कुल ₹28,840 करोड़ का भारी बजट आवंटित किया गया है

□ □□ □इस योजना के तहत देश भर में 100 नए हवाई अड्डों और 200 आधुनिक हेलीपैड का निर्माण किया जाएगा, ताकि टियर-2, टियर-3 और दूरदराज के क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़ा जा सके

□ □□ □इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ₹480 करोड़ की लागत से निर्मित जोधपुर हवाई अड्डे के अत्याधुनिक नए टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन किया,

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) 5 हजार 279 नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के गठन और भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता दिलाने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है

(2) राजस्थान में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल 3.0 और जियो टैग मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया गया।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

□ □□ □ □ □□ □ सहकारिता के क्षेत्र में राजस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में 5 हजार 646 पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समिति) को ई-पैक्स में बदला गया है। इनके माध्यम से 10 करोड़ से अधिक ऑनलाइन लेनदेन हुए हैं, जो पूरे देश के कुल ट्रांजेक्शन का एक-तिहाई हिस्सा है। यह आंकड़ा देश में सर्वाधिक है।

□ □□ □वहीं, 5 हजार 279 नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के गठन और भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता दिलाने में भी राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

□ □□ □6 जुलाई को सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस अवसर पर राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल 3.0 और जियो टैग मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया गया।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. चीन के चेंगदू में आयोजित होने वाले बैडमिंटन एशिया अंडर-15 एवं अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेंगे?

(A) अन्वी राठौर

(B) अंशुमान चौधरी

(C) मनन शर्मा

(D) उपरोक्त सभी



**Important Facts:**

□ □□ □जयपुर के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने एक बार फिर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। शहर के अंशुमान चौधरी, अन्वी राठौर और मनन शर्मा का चयन भारतीय टीम में हुआ है। □ □□ □तीनों खिलाड़ी 8 से 13 सितंबर तक चीन के चेंगदू में आयोजित बैडमिंटन एशिया अंडर-15 एवं अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

□ □□ □अंशुमान चौधरी अंडर-17 बॉयज सिंगल्स, अन्वी राठौर अंडर-15 और अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स तथा मनन शर्मा अंडर-15 मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। □ □□ □तीनों का चयन बेंगलुरु में आयोजित योनेक्स सनराइज सब-जूनियर अंडर-15 एवं अंडर 17 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान सरकार युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे लोकप्रिय खेलों से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास की नई पहल करने जा रही है।

(2) 10 जुलाई से 'सुयोग' (SUYOG) योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जयपुर और बारां में लागू किया जाएगा।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान सरकार युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे लोकप्रिय खेलों से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास की नई पहल करने जा रही है।

युवा मामले एवं खेल विभाग ने 10 जुलाई से 'सुयोग' (SUYOG) योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जयपुर जिले के बगरू विधानसभा क्षेत्र और बारां जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में लागू करने के निर्देश जारी किए हैं

योजना का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को एक संगठित मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें खेल गतिविधियों के साथ-साथ शैक्षणिक, कौशल विकास, रोजगार और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के अवसरों से भी जोड़ा जा सके। यह पहल 'माई भारत' (My Bharat) अभियान के अनुरूप संचालित होगी और इसे CMSDC प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया जाएगा।

शुरुआती चरण में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी की खेल गतिविधियों के जरिए युवाओं को जोड़ा जाएगा

**05. राजस्थान में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन कहां किया?**

(A) झालाना (जयपुर)

(B) नाथद्वारा (उदयपुर)

(C) सिवाना (जोधपुर)

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन का शुभारंभ झालाना (जयपुर) में किया
- लागत: लगभग ₹7 करोड़
- क्षमता: 150 टन प्रतिदिन (झालाना क्षेत्र की कुल कचरा हैंडलिंग क्षमता अब 250 टन/दिन)
- निर्माण मॉडल: बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (BOT)
- उद्देश्य/प्रक्रिया: घर-घर से संग्रहित कचरे का लंगड़ियावास स्थित 'वेस्ट-टू-एनर्जी' प्लांट तक मशीन आधारित परिवहन एवं वैज्ञानिक निस्तारण।

जयपुर, बुधवार, 08 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-139

1 **'वीबी** जी राम जी योजना' के बजट में 'प्रशासनिक व्यय' की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?
(A) 7%
(B) 8%
(C) 9%
(D) 10%

2 **प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के पहले 'ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स' का लोकार्पण कहां किया गया?
(A) बाप, फलौदी
(B) पचपदरा, बालोतरा
(C) बोरानाडा, जोधपुर
(D) करणीसर, बीकानेर

3 **हाल** ही में प्रधानमंत्री द्वारा 'उड़े देश का आम नागरिक' विजन के तहत किस राष्ट्रीय योजना के 'संशोधित संस्करण' का शुभारंभ किया गया?
(A) पीएम गति शक्ति योजना
(B) संशोधित उड़ान योजना
(C) स्वदेश दर्शन योजना 2.0
(D) राष्ट्रीय वायुमार्ग विकास योजना

4 **पैक्स** कम्प्यूटरीकरण अभियान के तहत 'ई-पैक्स' के माध्यम से ऑनलाइन लेनदेन के मामले में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उत्पाद' के तहत चूरू जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) लकड़ी के उत्पाद
(B) कृषि आधारित उत्पाद
(C) ऑटोमोबाइल पार्ट्स
(D) रत्नाभूषण

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में किस टाइगर रिजर्व के नीचे 4.9 किलोमीटर लंबी टनल बन रही है?**

(A) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व

(B) मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व

(C) रणथंभौर टाइगर रिजर्व

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine